झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/12/20 – 01 ,राँची/दिनांकः 08/01/2021

अभियंत्रण संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2020–21 में अभियंत्रण (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु ऑनलाईन अंतिम चक्र साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

अभियंत्रण (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के तृतीय सेमेस्टर/द्वितीय वर्ष में पूर्व आयोजित ऑनलाईन साक्षात्कारों से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर नामांकन की अनुशंसा हेतु दिनांक– 09.01.2021 से पर्षद द्वारा ऑनलाईन अंतिम चक्र साक्षात्कार आयोजित की जा रही है।

2. वैसे अभ्यर्थी जो अभियंत्रण (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम के ऑनलाईन आवेदन पत्र में अर्हक परीक्षा का प्राप्तांक प्रतिशत गलत दर्ज करने के कारण आवंटित संस्थान में नामांकन से वंचित रह गये, वैसे अभ्यर्थियों को अपना प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि/कोटा इत्यादि में सुधार का यह अंतिम अवसर है। वैसे अभ्यर्थी कंडिका–5 में अंकित निर्धारित तिथि एवं समय पर पर्षद कार्यालय में अपना आवेदन ई–मेल कर यथावांछित सुधार करा सकते हैं।

3. वैसे सभी योग्य अभ्यर्थी अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं जो पूर्व में आयोजित साक्षात्कारों में शामिल नहीं हो सके या संस्थान/शाखा का चयन नहीं कर सके।

4. किसी संस्थान में नामांकित अभ्यर्थी को अंतिम चक्र साक्षात्कार में कोई संस्थान एवं शाखा पुःनर्आवंटित होता है तो पूर्व आवंटित संस्थान एवं शाखा में उनका नामांकन स्वतः समाप्त हो जायेगा तथा उनके द्वारा रिक्त किये गये सीट पर दूसरे अभ्यर्थी को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर पर्षद द्वारा अनुशंसित किया जायेगा।

5. अंतिम चक्र साक्षात्कार का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

Sl. No.	Activity	Date
1.	Edit in Category, Quota, Obtained Marks % by all eligible Candidates (by e-mail jceceboard@gmail.com)	09.01.2021 to 10.01.2021
2.	Publication of Final Merit List for Last Round of Counselling	11.01.2021
3.	Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment	12.01.2021 to 13.01.2021
4.	Issue of Provisional Allotment Letter	16/01/2021 to 18/01/2021
5.	Documents Verification and Admission in the Concerned Institute	16/01/2021 to 18/01/2021

6. **अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online Counselling for Admission in Engineering (Lateral Entry)-2020" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।**

7. **साक्षात्कार शुल्कः–** अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय

(Non-refundable) होगा :–

Sl.No.	Category	Applicable Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female Candidate of all categories	Rs. 250.00

7. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि उपरोक्त कंडिका–7 में वर्णित तरीका के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन लेकर अध्ययन जारी रखते हैं तो उक्त राशि शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु संबंधित संस्थान को उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा पर्षद द्वारा उसे जब्त (Seize) कर ली जायेगी। नामांकित अभ्यर्थियों को आंशिक नामांकन शुल्क की राशि देय नहीं होगी।

विज्ञापन संख्या–जे0सी0ई0सी0ई0बी0/12/20–67 दिनांक–17.11.2020 में निहित शेष नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक